# स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन

आज दिनांक 24.12.2014 को मेरे द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। पश्चिम छिंदवाड़ा सा. वनमंडल के वनपरिक्षेत्र दमुआ के अंतर्गत संरक्षित वनखंड विरमडोह, रामपुर भरदागढ, डुगरिया,घालेआम, वनपरिक्षेत्र जामई के अंतर्गत आरक्षित वनखण्ड 9 खजरी 11 बाकातवा कक्ष कमांक पी.एफ.–428ए,421,419,435,436,437,आर.एफ. 475,495 रकबा 22.845 हे. वनभूमि एवं राजस्व वनभूमि रकवा 8.834 हे. कुल आवेदित क्षेत्र 31.679 हे. म.प्र.सड़क विकास निगम भोपाल द्वारा वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है ।

आवेदित वनक्षेत्र में वनो का वर्गीकरण :– (i) वनपरिक्षेत्र दमुआ के कक्ष क.पी. एफ.–428ए, में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागौन वन है कक्ष में IVa श्रेणी स्थल गुणवत्ता का मध्यम आयु वर्ग का सागौन जंगल मौजूद है। कक्ष मे वन घनत्व 0.5 से 0.6 तक पाया जाता है।

(ii) कक्ष कमाक पी.एफ. 421 में दक्षिणी उष्णकटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागैन वन है। कक्ष की श्रेणी IVa है। एवं घनत्व 0.6 से 0.7 है।

(iii) कक्ष क. पी.एफ. 419 में दक्षिणी उष्णकटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागौन वन है । कक्ष में IVa स्थल गुणवत्ता का श्रेणी का माध्यम आयु का सागौन वन पाया जाता है। वनों का घनत्व 0.3 से 0.5 तक का है ।

(iv) कक्ष क. पी.एफ. 435 में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागौन वन है। कक्ष में मुख्यतः IVa स्थल गुणवत्ता माध्यम आयु का मिश्रित सागौन शस्य वन है। एवं 0.1 से 0.6 धनत्व का वन पाया जाता है।

(v) कक्ष क. पी.एफ. 436 में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती मिश्रित वन है। संपूर्ण कक्ष रिक्त BL1 है। वन में जैविक दबाव अत्यधिक है।

(vi) कक्ष क. पी.एफ. 437 में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागौन वन है। रोड के दोनो ओर सागौन वृक्षारोपण 1962 का सफल है। एवं उत्तर पूर्व में BL1 प्रकार का है। पुनरोत्पादन जैविक दबाव के कारण नगण्य है।

(vii) वनपरिक्षेत्र जामई के कक्ष क. आर.एफ. 475 में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती सागौन वन है। कक्ष में IVa स्थल गुणवत्ता माध्यम आयु का मिश्रित वन पाया जाता है। कक्ष 0.2 से 0.5 धनत्व का वन पाया जाता है ।

(vii) वनपरिक्षेत्र जामई के कक्ष क. आर.एफ. 495 में दक्षिणी उष्ण कटीबंधीय शुष्क पर्णपाती मिश्रित वन है। कक्ष में IVb स्थल गुणवत्ता माध्यम आयु वर्ग का सागौन/मिश्रित वन पाया जाता है।

आवेदित क्षेत्र के कक्ष कमांक पी.एफ.– 428ए, 421, 419, 435, 436, 437 एवं आर. एफ.–475, 495 के अतंर्गत 31.679 हे. भूमि का निरिक्षण करने में वन्य प्राणियो की उपस्थिति नगण्य पाई गई । आवेदित क्षेत्र सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 22.2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। आवेदित क्षेत्र पचमढ़ी बायोस्फेयर से भी 10 कि.मी. है। आवेदित क्षेत्र पेंच राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 61.2 कि.मी. एवं सतपुड़ा/पेंच टाईगर रिजर्व कारीडोर से मार्ग गुजर रहा हैं। आवेदित क्षेत्र सतपुड़ा/पेंच टाईगर रिजर्व कारीडोर के अंतर्गत आता है। (कारीडोर से मार्ग गुजर रहा है) वन्य प्राणी प्रबंधन की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाईगर रिजर्व से इस संबंध में राय लिया जाना उचित होगा।

(एन.के.सनोडिया)
***वनमंड़लाधिकारी***
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल वनमंडल